# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: VII-2nd Lang. | Department: Hindi | Class work |
|---|---|---|
| पाठ-2 तीन बुद्धिमान (कहानी) | Topics: - प्रश्नोत्तर, व्याकरण | PI File in portfolio- |

## अति लघु प्रश्न

**प्रश्न 1- पिता ने बेटों को कैसा धन संचित करने की सलाह दी?**

**उत्तर** - पिता ने बेटों को **बुद्धि का धन** संचित करने की सलाह दी।

**प्रश्न 2- भाइयों ने ऊँट को बिना देखे उसके बारे में क्या बताया?**

**उत्तर** - उन्होंने बताया कि **ऊँट काना और लँगड़ा है।**

**प्रश्न 3- राजा ने भाइयों की परीक्षा लेने के लिए पेटी में क्या रखवाया?**

**उत्तर** - राजा ने भाइयों की परीक्षा लेने के लिए पेटी में **एक कच्चा अनार** रखवाया।

**प्रश्न 4- अंत में राजा ने तीनों भाइयों के बारे में क्या निर्णय लिया?**

**उत्तर** - अंत में राजा ने तीनों भाइयों को **दरबार में रखने** का निर्णय लिया।

**प्रश्न 5- कहानी से क्या सीख मिलती है?**

**उत्तर** - कहानी से क्या सीख मिलती है कि **बुद्धि ही सबसे बड़ा धन** है।

## लघु प्रश्न

**प्रश्न 1- पिता ने अपने तीनों बेटों को क्या शिक्षा दी?**

**उत्तर** - पिता ने अपने तीनों बेटों को ऐसा धन संचित करने की शिक्षा दी जिससे उन्हें जीवन में कभी किसी प्रकार की कमी नहीं रहेगी।

**प्रश्न 2- लगातार चालीस दिनों तक चलते रहने पर तीनों भाइयों की क्या हालत हो गई थी?**

**उत्तर** - लगातार चालीस दिनों तक चलते रहने पर तीनों भाई थककर चूर हो गए थे और उनके पैरों में छाले पड़ गए थे।

**प्रश्न 3- ऊँट के मालिक ने तीनों भाइयों पर क्या आरोप लगाया था?**

**उत्तर** - ऊँट के मालिक ने तीनों भाइयों पर यह आरोप लगाया था कि उन्होंने ऊँट की चोरी की है और उसकी पत्नी व बेटे को मार डाला है।

**प्रश्न 4- राजा ने भाइयों की बुद्धिमत्ता की परीक्षा कैसे ली?**

**उत्तर** - राजा ने एक बंद पेटी मंगवाई और भाइयों से पूछा कि उसके भीतर क्या है। भाइयों ने अपनी बुद्धि से सही अनुमान लगा लिया कि उसके भीतर एक कच्चा अनार है।

**प्रश्न 5- राजा ने अंत में भाइयों के साथ कैसा व्यवहार किया और क्यों?**

**उत्तर -** राजा उनकी बुद्धिमत्ता से अत्यंत प्रभावित हुआ। उसने उन्हें ढेर सारे उपहार दिए और अपने दरबार में ऊँचे पदों पर नियुक्त किया क्योंकि वे वास्तव में बहुत समझदार और चतुर थे।

## दीर्घ प्रश्न

**प्रश्न-1-** "**सच्चाई और बुद्धिमानी की अंततः जीत होती है"-** इस कथन को कहानी के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए।

**उत्तर -** कहानी में भाई निर्दोष थे, लेकिन उन पर चोरी का झूठा आरोप लगा। वे चाहते तो डरकर झूठ बोल सकते थे। लेकिन उन्होंने सच कहा और अपनी बुद्धि का प्रयोग करके साबित किया कि वे निर्दोष हैं। अंत में, उन्हें सजा की बजाय सम्मान मिला। इससे सिद्ध होता है कि सच और बुद्धि की ही जीत होती है।

**प्रश्न-2- 'तीन बुद्धिमान'** लोककथा का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

**उत्तर-** एक गरीब पिता के तीन बेटे थे, जिन्हें उसने तीव्र बुद्धि और पैनी दृष्टि का धन दिया। पिता के मरने के बाद वे यात्रा पर निकले। उन्होंने बिना देखे ऊँट के बारे में सही जानकारी दी, जिससे घुड़सवार उन्हें चोर समझकर राजा के पास ले गया। राजा ने बंद पेटी में अनार रखकर उनकी परीक्षा ली। तीनों ने सही जवाब दिया। इससे प्रभावित होकर राजा ने उन्हें अपने दरबार में ऊँचा पद दिया।

**प्रश्न:3 - लोककथा में बताया गया है कि भाइयों ने "बचपन से हर वस्तु पर ध्यान देने की आदत डाली।" यदि आपने ऐसा किया है तो आपको अपने जीवन में इसके क्या-क्या लाभ मिलते हैं**? (HOTS)

**उत्तर-** लोककथा के तीनों भाइयों की तरह मैंने भी बचपन से ही यह कोशिश की है कि हर वस्तु घटना और व्यक्ति को ध्यान से देखूँ, समझँ और महसूस करूँ। धीरे-धीरे यह मेरी आदत बन गई। इस आदत से मुझे जीवन में कई लाभ हुए हैं; जैसे-

1- समस्याओं को जल्दी समझना।
2- पढ़ाई में बेहतर समझ होना।
3- दूसरों की भावना समझ पाना।
4- गलतियों से जल्दी सीखना।



## व्याकरण-

**प्रश्न-1 दिए गए शब्दों के वचन बदलकर लिखिए-**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वह | वे |
| 2 | महिला | महिलाएँ |
| 3 | आदत | आदतें |
| 4 | जूता | जूते |
| 5 | पेटी | पेटियाँ |
| 6 | पौधा | पौधे |
| 7 | तितली | तितलियाँ |
| 8 | पहाड़ी | पहाड़ियाँ |
| 9 | हवा | हवाएँ |
| 10 | भौरा | भौंरे |
| 11 | काँटा | काँटे |
| 12 | उँगली | उँगलियाँ |
| 13 | नदी | नदियाँ |
| 14 | यात्रा | यात्राएँ |
| 15 | घाटी | घाटियाँ |

**प्रश्न-2 दिए गए शब्दों से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाइए-**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | सज्जन - | सज्जनता |
| 2 | प्रभु - | प्रभुता |
| 3 | देव - | देवत्व |
| 4 | खूबसूरत - | खूबसूरती |
| 5 | सिलना - | सिलाई |
| 6 | कायर - | कायरता |
| 7 | जवान - | जवानी |
| 8 | कड़वा - | कड़वाहट |
| 9 | भ्राता - | भ्रातृत्व |
| 10 | तीखा - | तीखापन |

**प्रश्न-3 नीचे लिखे वाक्यों में उचित कारक चिह्न रेखांकित कीजिए-**

| | |
|---|---|
| 1 | अरे बच्चों! शोर मत करो। |
| 2 | पुष्पा ने रीमा को पत्र लिखा। |
| 3 | कृष्ण ने सुदामा की सहायता की। |
| 4 | बच्चे ने बोतल से दूध पिया। |
| 5 | अध्यापक ने बालक को समझाया। |
| 6 | सीता ने फूलों से रंगोली को सजाया। |
| 7 | अरे भैया! क्यों रो रहे हो? |
| 8 | माँ बाज़ार से बच्चों के लिए खाना लाई |
| 9 | वज़ीर को उसके पद से हटा दिया गया। |
| 10 | कंपनी के खिलाफ़ सारे हिन्दुस्तान में एक लहर दौड़ गई। |

WORK BOOK ON WORK BOO ONLY --------

ने, को, पर, से, के द्वारा, का, में, के लिए, की, के, हे, हो, अरे

**नीचे दिए गए वाक्यों में कारक लिखकर इन्हें पूरा कीजिए-**

1- " हमने तो तुम्हारे ऊँट ----- देखा तक नहीं", भाइयों ------ परेशान होते हुए कहा।

2- "मैं अपने रेवड़ों -- पहाड़ों-- लिये जा रहा था, उसने कहा, और मेरी पत्नी मेरे छोटे-से बेटे--- साथ।

3- एक बड़े-से ऊँट ---- मेरे पीछे-पीछे आ रही थी।"

4- राजा ---- उसी समय अपने मंत्री ...... बुलाया और उसके कान ----- कुछ फुसफुसाया।

5- यह सुनकर राजा ---- पेटी ----- पास लाने ---- आदेश दिया। सेवकों ----- तुरंत आदेश पूरा किया।

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

(क) ऊँट **--------**आँख से नहीं देख सकता था। उ- **बाईं**

(ख) ऊँट पर एक **--------** और **--------** सवार थे। उ- **महिला , बच्चा**

(ग) राजा ने भाइयों को **--------------** समझा। उ- **बुद्धिमान**

(घ) सबसे बड़े भाई ने धूल में ऊँट के **--------** के निशान देखे। **उ- पैरों**

(ङ) राजा ने भाइयों की **-------------** की परीक्षा ली। **उ- बुद्धिमत्ता**

**सही (✓✓) या गलत (××) का निशान लगाइए:**

(क) पिता ने बेटों को धन का महत्व बताया था। – **(×)**

(ख) छोटे भाई ने बच्चे और महिला के विषय में अनुमान लगाया। – **(✓)**

(ग) भाइयों ने ऊँट को देखा था। **(×)**

(घ) राजा ने अंत में भाइयों की तारीफ़ की। **(✓ )**

(ङ) उचित जाँच-पड़ताल के बाद ही निर्णय लेना चाहिए। **(✓)**

(च) बुद्धिमत्ता और समझदारी सबसे बड़ी पूँजी है। **(✓ )**

xxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxx